## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–19.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- राज्य की 38 विधानसभा सीटों पर कल होनेवाले दूसरे और अंतिम चरण के मतदान को लेकर तैयारी पूरी, आज से रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां।
- स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए मतदान वाले इलाके में सुरक्षा बलों की तैनाती।
- ईडी ने बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में पूछताछ के लिए चार आरोपियों को रांची के होटवार जेल से लिया रिमांड पर।
- राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में बढ़ी ठंड, सिमडेगा, गुमला और खूंटी का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस पहुंचा।

*******************

झारखंड में कल होने वाले विधानसभा के दूसरे और अंतिम चरण के चुनाव के लिए सभी आवश्यक प्रबंध कर लिए गए हैं। इस चरण में 12 जिलों के 38 निर्वाचन–क्षेत्रों में मतदान होगा। एक करोड़ 23 लाख मतदाता 528 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे ।

*******************

रांची के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने मोरहाबादी स्थित डिस्पैच सेंटर और विभिन्न चेक पोस्ट का निरीक्षण कर जरूरी दिशा–निर्देश दिया। बता दें कि रांची जिला अंतर्गत सिल्ली और खिजरी विधानसभा के लिए कल मतदान होना है। इन दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए पोलिंग पार्टियों को भेजने का कार्य आज सुबह से शुरू हो गया है।

*******************

दूसरे चरण के मतदान की तैयारियां पूरी होने के साथ ही चुनाव आयोग मतगणना की तैयारियों में जुट गया है। इस सिलसिले में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। श्री कुमार ने सभी राजनीतिक दलों को 20 नवंबर की शाम पांच बजे तक मतगणना केन्द्र के लिए काउंटिंग एजेंट का ब्यौरा संबंधित आरओ को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

मतों की गिनती 23 नवंबर को की जाएगी।

*******************

झारखंड विधानसभा चुनाव के राजनीतिक परिदृश्य पर आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृखंला में आज बात होगी जामताड़ा जिले की विधानसभा सीटों की, जहां दूसरे चरण में कल मतदान होना है।

*******************

गिरिडीह जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मोमबत्ती और दीप जलाकर मतदान की शपथ दिलाई गई। इस दौरान उपायुक्त नमन प्रेयस लकड़ा ने भी लोगों से मतदान जरूर करने की अपील की।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में पूछताछ के लिए दो बांग्लादेशी नागरिकों सहित चार आरोपियों को रांची के होटवार जेल से रिमांड पर लिया है। इनमें कोलकाता से गिरफ्तार दो बांग्लादेशी रानी मंडल और समीर चौधरी के अलावा भारतीय नागरिक पिंटू हलधर और पिंकी बासु मुखर्जी शामिल हैं। ईडी चारों से देह व्यापार और भारत विरोधी गतिविधियों के लिए अवैध तरीके से बांग्लादेश की सीमा पार कराकर घुसपैठियों के लिए आधार कार्ड और पासपोर्ट बनवाने सहित अन्य मामलों में पूछताछ करेगी।

*******************

विधानसभा चुनाव को लेकर देवघर जिले के सभी अनुमंडलों और प्रखंडो के प्रमुख होटलों मे पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर ठहरे हुए लोगों से जुड़े दस्तावेजों की जांच की।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्य के सभी हिस्सों में सुबह और रात की ठंड बढ़ने लगी है। न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। पिछले आठ दिनों में न्यूनतम तापमान में छह डिग्री सेल्सियस तक की कमी आयी है। गुमला, सिमडेगा और खूंटी जिले का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री जबकि रांची का न्यूनतम तापमान 13 दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 2–3 दिनों में ठंड और बढ़ेगी। देश के उत्तरी हिस्सों में पछुआ हवा चल रही है।

*******************

चेन्नई में चल रही राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चौंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। तमिलनाडु साइकिलिंग एसोसिएशन और साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस चौंपियनशिप के चौथे दिन झारखंड की झोली में दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक आए। सरिता कुमारी ने जहां दो स्वर्ण पदकों पर कब्जा जमाया, वहीं अमीर रियाज ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

*******************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने कल होनेवाले दूसरे चरण के मतदान की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
प्रभात खबर ने लिखा है– अंतिम चरण के लिए वोट कल, आज साइलेंट पीरियड।

हिंदुस्तान के शब्द हैं – प्रचार थमा, कोयलांचल व संताल खोलेंगे सत्ता की राह।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– प्रचार थमा, कल 38 सीट पर वोटिंग।

दैनिक जागरण ने लिखा है –थम गया चुनावी शोर, मतदान कल, मतगणना 23 को।
अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने भी कल होनेवाले मतदान की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

*******************